**दिनांक : 27.09.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में साठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया ।
- लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद से हर महीने मिलेंगे 1500 रूपये, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- एशिया कप क्रिकेट के फाइनल में कल भारत का मुकाबला पाकिस्तान से ।

**प्रधानमंत्री ओडिशा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा के झारसुगुड़ा में साठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने गुजरात में सूरत के उधना और ओडिशा के बरहामपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात सहित कई राज्यों को जोड़ेगी।

श्री मोदी ने बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हजार पांच से अधिक नए 4जी मोबाइल टावरों का भी शुभारंभ किया, जिनमें नवीनतम 4जी तकनीक वाले 92 हजार छह सौ टावर शामिल हैं और लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये टावर पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ने लगा है.....

मुख्यमंत्रीः विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विदिशा जिले के कुरवाई में हिनोता सिंचाई परियोजना के अंतर्गत "जाजपोन पुनर्वास कॉलोनी" का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुरवाई विधानसभा में 165 करोड 40 लाख रूपए की लागत के 34 विकास कार्यों का लोकार्पण और 92 करोड 70 लाख रूपए लागत के 46 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा–लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद से हर महीने 1500 की राशि प्रदान की जाएगी।

**मुख्यमंत्री सेवा पखवाडा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भोपाल के अटल पथ पर आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को निःशुल्क हेलमेट वितरण किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "हेलमेट सिर्फ नियम नहीं, जीवन रक्षा का कवच है।" उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने चेक पोस्ट, सेंसर तकनीक, पेट्रोलिंग दस्ते तथा अन्य अत्याधुनिक व्यवस्थाओं के माध्यम से दुर्घटनाओं को रोकने का प्रयास किया है। उन्होंने तेज रफ्तार से वाहन न चलाने और हेलमेट अवश्य पहनने की अपील की।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। पेश है एक रिपोर्टः–

**प्रधानमंत्री – मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम

आकाशवाणी और दूरदर्शन  के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

## सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, अपनी विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने इतिहास को संजोने, देशभक्ति की प्रेरणा देने और पीढ़ियों को बलिदान की भावना से जोड़ने वाले स्मारकों का निर्माण करके भारत की कालातीत विरासत और नायकों का सम्मान किया है। पेश है एक रिपोर्टः–

## क्रिकेट एशिया कप

दुबई में एशिया कप क्रिकेट 2025 के फाइनल में कल भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। एशिया कप के फाइनल में पहली बार दोनों टीमें आमने–सामने होंगी। भारतीय टीम टूर्नामेंट के मौजूदा  संस्करण में अब तक सभी मैच जीतने में सफल रही है। दूसरी तरफ पाकिस्तान को भारत ने दो बार हराया है।

-------------------------------